# यूपी में व्यापार के लिए सुरक्षित माहौल : पाठक

## कारोबारी जगत के प्रतिनिधियों से उपमुख्यमंत्री ने अपने आवास पर की मुलाकात

अमर उजाला ब्यूरो



कारोबारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। स्रोत : विभाग

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बृहस्पतिवार को राजभवन कॉलोनी स्थित अपने आवास में हिंदुजा समूह के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आज का नया उत्तर प्रदेश प्रगति पथ पर तेजी से अग्रसर है। 2017 से पहले प्रदेश की क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपी नहीं है। प्रदेश में अराजकता एवं डर का माहौल था, लेकिन आज उत्तर प्रदेश उद्योगपतियों को व्यापार का सुरक्षित माहौल उपलब्ध करा रहा है।

डिप्टी सीएम ने बताया कि आज देश-विदेश से हजारों करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हो रहा है। लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुले हैं। डिप्टी सीएम से भेंट करने वाले उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने कहा कि यूपी में वे लगातार अपने काम को बढ़ा रहे हैं। यहां सरकार द्वारा व्यवसाय का सुरक्षित माहौल दिया जा रहा है।

इस अवसर पर हिंदुजा ग्रुप के सीनियर एडवाइजर डॉ. एस के चड्ढा, इंडसइंड जनरेल इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ राकेश जैन, निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस के सीएमडी आशीष वोहरा, निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस के हैड अमित चोपड़ा, हिंदुजा रिन्यूएबल एनर्जी के डाइरेक्टर प्रेसीडेंट गौतम साहा, गल्फ ऑयल के एमडी एवं सीईओ रवि चावला अशोक लीयलेंड लिमिटेड के लखनऊ प्लांट हैड शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।